**अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–**
**विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना**

**पत्रांक–प्र०–7 / विविध–04–44 / 2024** **/ पटना, दिनांक.....................**

प्रेषक,

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन)।

सेवा में,

सभी मुख्य अभियंता (रा०उ०प० उपभाग सहित)
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
प्रबंध निदेशक,
बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, पटना।
मुख्य महाप्रबंधक,
बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना।
सभी अधीक्षण अभियंता (रा०उ०प० अंचल सहित)
पथ निर्माण विभाग, बिहार।
सभी कार्यपालक अभियंता (रा०उ०प० प्रमंडल सहित)
पथ निर्माण विभाग, बिहार।

**विषय :–** **अन्य विभागों / निगमों द्वारा किये गये डिबार / डिबार मुक्त संवेदकों की सूची विभागीय बेबसाईट पर विभागीय संसूचन हेतु अपलोड करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक कतिपय विभागों / निगमों द्वारा विभिन्न संवेदकों को किये गये डिबार / डिबार मुक्त की सूचना दी गयी है, जो निम्न है :–

| क्र० सं० | संवेदक का नाम / निबंधन संख्या | विभाग / निगम का नाम | ज्ञापांक / दिनांक | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | संवेदक Dinesh Kumar, S/O-Ram Shankar Singh, Road No.-1, Rajiv Nagar, Patna (Bihar) –800024 Mob No.-7004582960 | बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड | ज्ञापांक–4016 दि०–29.05.2026 | BSEIDC के ठेकेदारी निबंधन नियमावली 2025 में निहित प्रावधान 8 (ii) के तहत संवेदक को निगम द्वारा Defaulter घोषित करते हुए कार्यों के पूर्ण होने तक अगली निविदा में भाग लेने से वंचित किया गया है। |
| 2 | संवेदक M/S Vinod Yadav, At-Kadarganj, P.O-Parasmani, Dist-Purnea (Bihar) –854306 Mob. No.-9534413473/7979847002 | बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड | ज्ञापांक–4017 दि०–29.05.2026 | BSEIDC के ठेकेदारी निबंधन नियमावली 2025 में निहित प्रावधान 8 (ii) के तहत संवेदक को निगम द्वारा Defaulter घोषित करते हुए कार्यों के पूर्ण होने तक अगली निविदा में भाग लेने से वंचित किया गया है। |
| 3 | संवेदक मेसर्स बृज नन्दन सिंह, पार्ट–बृज नन्दन सिंह, ग्राम+पो०–लहठान, जिला–भोजपुर, बिहार, पिन-802202 | जल संसाधन विभाग | ज्ञापांक–3186 दि०–09.06.2026 | विभागीय आदेश संख्या–26 / विविध–06–32 / 2026–3128 दिनांक–05.06.2026 द्वारा संवेदक को डिफाल्टर घोषित करते हुए अगली निविदा में भाग लेने से डिबार किया गया है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4 | संवेदक एम०एस०ए० कंस्ट्रक्शन प्रा० लि०, प्रो०–पवन कुमार मिश्रा, 170 चितरंजन एवेन्यू, चतुर्थ तल, रूम नं०–4F, कोलकता, पश्चिम बंगाल, पिन-700007 (निबंधन सं०- WRD210425C1CO24169452, श्रेणी–प्रथम) | जल संसाधन विभाग | ज्ञापांक–3443 दि०–19.06.2026 | बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली–2007 के कंडिका 11 (क) (ii) के तहत संवेदक को पत्र में वर्णित कार्य के पूर्ण होने तक डिफाल्टर घोषित करते हुए अगली निविदा में भाग लेने से वंचित/डिबार किया गया है। |
| 5 | संवेदक M/S Saheb Singh Construction, Add-Muri Barari, P.O-Dahibhatta, Dist-Gopalganj, Pin–841428 | बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड | ज्ञापांक–4661 दि०–23.06.2026 | BSEIDC के ठेकेदारी निबंधन नियमावली 2025 में निहित प्रावधान 8 (ii) के तहत संवेदक को निगम द्वारा Defaulter घोषित करते हुए इन कार्यों के पूर्ण होने तक अगली निविदा में भाग लेने से वंचित किया गया है। |
| 6 | संवेदक श्री राकेश कुमार रंजन, पता–गोबरसही चौक, मुजफ्फरपुर, पिन-842001 | जल संसाधन विभाग | ज्ञापांक–3590 दि०–01.07.2026 | जल संसाधन विभाग का ओदश ज्ञापांक–2802 दिनांक–25.05.2026 द्वारा किये गये डिबार से मुक्त किया गया है। |
| 7 | संवेदक रूपम कुमारी, C/O-राजीव कुमार सिंह, ग्राम+पो०–सांखमोहन, जिला–समस्तीपुर, पिन-848211 | जल संसाधन विभाग | ज्ञापांक–3608 दि०–02.07.2026 | बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के नियम 11(क) के कंडिका–(ii) के तहत संवेदक को इस कार्य के पूर्ण होने तक डिफाल्टर घोषित करते हुए अगली निविदा में भाग लेने से वंचित/डिबार किया गया है। |
| 8 | संवेदक मेसर्स पाईशिया कंस्ट्रक्शन प्रा० लि०, ग्राम–पंचानंद सिंह चौक, महिसौड़ी, पो०–जमुई, जिला–जमुई, (बिहार) पिन-811307 (निबंधन सं०- WRD220525C2CO24169723, श्रेणी–द्वितीय) | जल संसाधन विभाग | ज्ञापांक–3601 दि०–02.07.2026 | बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के नियम 11(क) के कंडिका–(ii) के तहत संवेदक को इस कार्य के पूर्ण होने तक डिफाल्टर घोषित करते हुए अगली निविदा में भाग लेने से वंचित/डिबार किया गया है। |
| 9 | संवेदक मेसर्स पाईशिया कंस्ट्रक्शन प्रा० लि०, ग्राम–पंचानंद सिंह चौक, महिसौड़ी, पो०–जमुई, जिला–जमुई, (बिहार) पिन-811307 | जल संसाधन विभाग | ज्ञापांक–3609 दि०–02.07.2026 | बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के नियम 11(क) के कंडिका–(ii) के तहत संवेदक को इस कार्य के पूर्ण होने तक डिफाल्टर घोषित करते हुए अगली निविदा में भाग लेने से वंचित/डिबार किया गया है। |
| 10 | संवेदक राकेश कन्स्ट्रक्शन प्रा० लि०, शिवजी सिंह बिल्डिंग, डिगमा रोड, पो०–मानगो, जिला–जमशेदपुर (झारखंड), | बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि० | ज्ञापांक–1613 दि०–30.06.2026 | वरीय परियोजना अभियन्ता, कार्य प्रमंडल पटना–1, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि० के आदेश ज्ञापांक–2671 दि०–31.07.2021 द्वारा किए गए डिबार से मुक्त किया गया है। |

अनु0–यथोक्त।

कृ०पृ०उ०

2. कॉलम 4 में अंकित संबंधित विभाग के पत्र का संदर्भ भी लिया जाना आवश्यक होगा।
3. यह सूचना केवल विभागीय संसूचन एवं परिचालन के लिए है।

विश्वासभाजन

ह०/–
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन)।

**ज्ञापांक–प्र०–7/विविध–04–44/2024–** **/पटना, दिनांक............**

प्रतिलिपि :– मुख्य अभियंता, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड / अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना को उनके ज्ञापांकों के आलोक में सूचनार्थ प्रेषित।

2. आपके विभाग /निगम से संबंधित प्रविष्टि में अशुद्धि परिलक्षित होने पर अवगत कराने की कृपा की जाए।

ह0/–

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन)।

**ज्ञापांक–प्र०–7/विविध–04–44/2024–** 5033(E) **/पटना, दिनांक** 22/7/2026

प्रतिलिपि :– अधीक्षण अभियंता (अनुश्रवण)/ कार्यपालक अभियंता, (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/आई० टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को Website पर Upload करने हेतु तथा प्रभारी e-tendering को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
अनु0–यथोक्त।

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन)।

# बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड
**BIHAR STATE EDUCATIONAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENTCORPORATIONLTD.**
(A Govt. of Bihar Undertaking)
ISO 9001:14001;OHSAS18001
Shiksha Bhawan, Bihar Rashtrabhasa, Parishad Campus, Acharya Shivpujan Sahay Path, Saidpur, Patna-800004
Tel. No:0612 - 2660850 *Fax No :0612 - 2660256, E-mail: bseidc@gmail.com


कम्प्यूटरीकृत आवक 58793 24
दिनांक 24.06.2026

## कार्यालय आदेश

संख्या:- 108

पटना, दिनांक:- 29/5/26

Blance work of M.S Dabariya. M.S Laxmipur, M.S Maruaha, U.M.S Shivrajpur & U.M.S Siyarahi, Block-Nautan,(SSS-30) जिला प० चम्पारण के भवन निर्माण कार्य (एकरारनामा संख्या-356 F2 of 2023-24, दिनांक:-12-08-2023) ससमय पूर्ण करने हेतु इस कार्य के संवेदक, Dinesh kumar, S/O-Ram Shankar Singh, Road No-1, Rajiv Nagar, Patna(Bihar)-800024, mob-7004582960 को संबंधित कार्यपालक अभियंता/उप प्रबंधक तकनीकी (असैनिक) के द्वारा अनेकों बार निदेशित किया गया परंतु वर्तमान में संवेदक द्वारा निर्माण कार्य लगभग 88% ही कराया जा सका है साथ ही कई महीनों से बंद/धीमी गति से निर्माण कार्य करवाया जा रहा है, जो कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता का द्योतक हैं। तद्‌लोक में कार्यपालक अभियंता/उप प्रबंधक तकनीकी (असैनिक) के पत्रांक–BSEIDC/DMT/TW/68/2026, दिनांक–30.04.2026 के माध्यम से संवेदक, Dinesh kumar, S/O-Ram Shankar Singh, Road No-1, Rajiv Nagar, Patna(Bihar)-800024, mob-7004582960 को Defaulter घोषित करते हुए इन कार्यों के पूर्ण होने तक अगली निविदा में भाग लेने से वंचित करने की अनुशंसा की गई है।

वर्णित परिस्थिति में विचारोपरांत संबंधित कार्यपालक अभियंता / उपप्रबंधक तकनिकी(असैनिक) से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में BSEIDC के ठेकेदारी निबंधन नियमावली 2025 में निहित प्रावधान 8 (ii) के तहत संवेदक, Dinesh kumar, S/O-Ram Shankar Singh, Road No-1. Rajiv Nagar. Patna(Bihar)-800024, mob-7004582960 को निगम द्वारा Defaulter घोषित करते हुए कार्यों के पूर्ण होने तक अगली निविदा में भाग लेने से वंचित किया जाता है।

उक्त प्रस्ताव पर प्रबंध निदेशक का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–
मुख्य अभियंता

ज्ञापांक:-BSEIDC/TECH/979/2016-Part-V-　　　　पटना, दिनांक:............

प्रतिलिपि:-" Dinesh kumar, S/O-Ram Shankar Singh, Road No-1, Rajiv Nagar, Patna(Bihar)-800024, mob-7004582960" को सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/–
मुख्य अभियंता

ज्ञापांक:-BSEIDC/TECH/979/2016-Part-V- 4016　　　　पटना, दिनांक: 29-05-26

प्रतिलिपि:–अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता, नगर विकास एवं आवास विभाग बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार मेडिकल सर्विसेज एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लि०, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

मुख्य अभियंता

2227
06/7/26

# बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड

**BIHAR STATE EDUCATIONAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENTCORPORATIONLTD.**

(A Govt. of Bihar Undertaking)

ISO 9001:14001;OHSAS18001

Shiksha Bhawan, Bihar Rashtrabhasa, Parishad Campus, Acharya Shivpujan Sahay Path, Saidpur, Patna-800004

Tel. No:0612 - 2660850 *Fax No :0612 - 2660256, E-mail: bseidc@gmail.com

## कार्यालय आदेश

संख्या:- 109                                                                 पटना, दिनांक:- 29/05/26

Construction of BRC Building at BRC Narpatganj, Block-Narpatganj (Sl No-79) जिला अररिया के भवन निर्माण कार्य (एकरारनामा संख्या-101 F2 of 2018-19, दिनांक:-29-10-2018) ससमय पूर्ण करने हेतु इस कार्य के संवेदक, M/S Vinod Yadav, At-Kadarganj, P.O-Parasmani, Diat-Purnea (Bihar)-854306, mob-9534413473/7979847002 को संबंधित कार्यपालक अभियंता/उप प्रबंधक तकनीकी (असैनिक) के द्वारा अनेकों बार निदेशित किया गया परंतु वर्तमान में संवेदक द्वारा निर्माण कार्य लगभग 80% ही कराया जा सका है साथ ही कई महीनों से बंद/धीमी गति से निर्माण कार्य करवाया जा रहा है, जो कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता का द्योतक हैं। तदालोक में कार्यपालक अभियंता/उप प्रबंधक तकनीकी (असैनिक) के पत्रांक–BSEIDC/DMT/ARR/2026-139, दिनांक–17.04.2026 के माध्यम से संवेदक, M/S Vinod Yadav, At-Kadarganj, P.O-Parasmani, Diat-Purnea (Bihar)-854306, mob-9534413473/7979847002 को Defaulter घोषित करते हुए इन कार्यों के पूर्ण होने तक अगली निविदा में भाग लेने से वंचित करने की अनुशंसा की गई हैं।

वर्णित परिस्थिति में विचारोपरांत संबंधित कार्यपालक अभियंता / उपप्रबंधक तकनिकी(असैनिक) से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में BSEIDC के ठेकेदारी निबंधन नियमावली 2025 में निहित प्रावधान 8 (ii) के तहत संवेदक, M/S Vinod Yadav, At-Kadarganj, P.O-Parasmani, Diat-Purnea (Bihar)-854306, mob-9534413473/7979847002 को निगम द्वारा Defaulter घोषित करते हुए कार्यों के पूर्ण होने तक अगली निविदा में भाग लेने से वंचित किया जाता है।

उक्त प्रस्ताव पर प्रबंध निदेशक का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–
मुख्य अभियंता

ज्ञापांक:-BSEIDC/TECH/979/2016-Part-V-                    पटना, दिनांक:...............................

प्रतिलिपि:-" M/S Vinod Yadav, At-Kadarganj, P.O-Parasmani, Diat-Purnea (Bihar)-854306, mob-9534413473/7979847002 " को सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/–
मुख्य अभियंता

ज्ञापांक:-BSEIDC/TECH/979/2016-Part-V- 4017                    पटना, दिनांक: 29/05/26

प्रतिलिपि:–अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता, नगर विकास एवं आवास विभाग बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार मेडिकल सर्विसेज एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लि०, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

मुख्य अभियंता

पत्रांक–26 / विविध–06–32 / 2026–............................ दिनांक........................................

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

शुद्धि–पत्र

विभागीय आदेश सं0–26 / विविध–06–32 / 2026 –3128 दिनांक–05.06.2026 द्वारा संवेदक मेसर्स बृज नन्दन सिंह, पार्ट–बृज नन्दन सिंह, ग्राम+पो0–लहठान, जिला–भोजपुर, बिहार, पिनकोड–802202 को डिफाल्टर घोषित करते हुए अगली निविदा में भाग लेने से डिबार किया गया है। उक्त आदेश के कंडिका–04 के अंतिम पारा में मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, कटिहार से प्राप्त अनुशंसा के स्थान पर टंकण भूलवश मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर अंकित हो गया है।

अतः उक्त त्रुटि को सुधारते हुए कंडिका–04 के अंतिम पारा में मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर से प्राप्त अनुशंसा के स्थान पर मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, कटिहार से प्राप्त अनुशंसा पढ़ा जाय। पूर्व के आदेश की अन्य सभी कंडिकाऐं यथावत् रहेगी।

ह0 / –
(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)

ज्ञापांक : 26 / विविध–06–32 / 2026 पटना / दिनांक :.................................

प्रतिलिपिः– मेसर्स बृज नन्दन सिंह, पार्ट–बृज नन्दन सिंह, ग्राम+पो0–लहठान, जिला–भोजपुर, बिहार, पिनकोड–802202 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–06–32 / 2026 3186 पटना, दिनांक : 9/6/26

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव, जल संसाधन विभाग / पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

पत्र संख्या–26 / विविध–06–34 / 2026............................ /

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

## आदेश

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, गोपालगंज परिक्षेत्राधीन बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, छपरा अंतर्गत "गंगा नदी के बाँये किनारे बली टोला से सबलपुर पुछियारी टोला तक कटाव निरोधक कार्य एकरारनामा सं0–04SBD/2026-27 (Agenda No-242/105/2026 एवं 242/106/2026) दिनांक–14.05.2026 के तहत संवेदक एम0एस0ए0 कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, कोलकता, पश्चिम बंगाल द्वारा कराया जा रहा है। उक्त कार्य बाढ़ आपदा से संबंधित है, जिसे दिनांक–15.07.2026 तक पूर्ण किया जाना है। इतने महत्वपूर्ण कार्य को ससमय पूर्ण कराने में संवेदक द्वारा अभिरूचि नहीं लिये जाने के कारण क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा संवेदक को कार्य स्थल पर मशीनरी एवं श्रमबल बढ़ाकर ससमय कार्य कराने के लिए निदेशित किया गया। इसके बावजूद भी मिट्टी कार्य 1900.00 घनमीटर, मेगा जियो बैग कार्य 539 अद्द कराया गया। जबकि Work Programme के अनुसार मिट्टी कार्य 61689.00 घनमीटर, मेगा जियो बैग कार्य 14201 अद्द एवं बोल्डर क्रेटिंग 4545.00 घनमीटर होना चाहिए था।

कार्य में शिथिलता बरतने एवं गुणवत्ता एवं विशिष्टि के अनुरूप कार्य को ससमय पूर्ण कराने में अभिरूचि नहीं लेने के कारण मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, गोपालगंज के पत्रांक–1951 दिनांक–30.05.2026 द्वारा संवेदक एम0एस0ए0 कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, प्रो0–पवन कुमार मिश्रा, कोलकता, पश्चिम बंगाल को डिबार करने की अनुशंसा की गयी। तदालोक में विभागीय पत्रांक–3112 दिनांक–05.06.2026 द्वारा संवेदक से कारण–पृच्छा की गयी। निर्धारित समयावधि बीत जाने के बाद भी संवेदक से कारण–पृच्छा प्रत्युत्तर अप्राप्त रहने पर मामले की समीक्षा बाढ़ (मो0) से करायी गयी। समीक्षा के क्रम में मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, गोपालगंज द्वारा बाढ़ 2026 पूर्व कराये जा रहे कटाव निरोधक कार्यों का दिनांक–16.06.2026 तक के भौतिक प्रगति प्रतिवेदन समर्पित किया गया, जिसमें विषयांकित कार्य की भौतिक प्रगति मात्र 16 प्रतिशत पायी गयी।

उक्त से स्पष्ट होता है कि विभागीय पदाधिकारियों द्वारा बार–बार निदेशित किये जाने के बावजूद भी कार्य में अपेक्षित प्रगति एवं कार्य को पूर्ण कराने का सम्यक प्रयास संवेदक द्वारा नहीं किया गया। संवेदक का यह कृत्य कार्य के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता को परिलक्षित करता है।

अतएव मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, गोपालगंज से प्राप्त प्रतिवेदन एवं बाढ़ (मो0) द्वारा की गयी समीक्षा के आलोक में बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली–2007 के कंडिका 11 (क) (ii) के तहत इस कार्य के पूर्ण होने तक संवेदक एम0एस0ए0 कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, प्रो0–पवन कुमार मिश्रा, 170 चितरंजन एवेन्यू, चतुर्थ तल, रूम नं0–4F, कोलकता, पश्चिम बंगाल, पिनकोड–700007 (निबंधन सं0–WRD210425C1CO24169452, श्रेणी–प्रथम) को डिफाल्टर घोषित करते हुए अगली निविदा में भाग लेने से वंचित / डिबार किया जाता है।

ह0 / –

(ब्रजेश मोहन)

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

(1669)

ज्ञापांक :–26 / विविध–06–34 / 2026 पटना / दिनांक :..............................

प्रतिलिपि :– एम0एस0ए0 कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, प्रो0–पवन कुमार मिश्रा, 170 चितरंजन एवेन्यू, चतुर्थ तल, रूम नं0–4F, कोलकता, पश्चिम बंगाल, पिनकोड–700007 (निबंधन सं0–WRD210425C1CO24169452, श्रेणी–प्रथम) को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांक:–26 / विविध–06–34 / 2026 3443 पटना, दिनांक :19.06.2026

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव, जल संसाधन विभाग / पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/6

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

बिहारराज्य शैक्षणिकआधारभूतसंरचनाविकासनिगमलिमिटेड
BIHAR STATE EDUCATIONAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENTCORPORATIONLTD.
(A Govt. of Bihar Undertaking)
ISO 9001:14001;OHSAS18001
Shiksha Bhawan, Bihar Rashtrabhasa, Parishad Campus, Acharya Shivpujan Sahay Path, Saidpur, Patna-800004
Tel. No:0612 - 2660850 *Fax No :0612 - 2660256. E-mail: bseidc@gmail.com

## कार्यालय–आदेश

संख्या– 130 पटना, दिनांक– 23/6/26

Construction of 10+2 Level School Building at Banveer, Block-Phulwariya, Gopalganj (SSS-1175) के निर्माण कार्य (एकरारनामा संख्या–357 F2 of 2022-23 Date:-14-03-2023) ससमय पूर्ण करने हेतु इस कार्य के संवेदक, M/S Saheb Singh Construction, Add-Muri Barari, Post-Dahibhatta, Dist-Gopalganj, Pin-841428 को कार्यपालक अभियंता / उप प्रबंधक तकनीकी (असैनिक), गोपालगंज के द्वारा अनेकों बार निदेशित किया गया परंतु वर्तमान में संवेदक द्वारा निर्माण कार्य Finishing level तक ही किया गया है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि-14.03.2023 एवं कार्य समाप्ति की तिथि-13.06.2024 है। कार्य समाप्ति की तिथि से 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी भवन निर्माण कार्य लगभग 79% ही कराया गया है। साथ ही कई महीनों से बंद / धीमी गति से निर्माण कार्य करवाया जा रहा है, जो कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता का द्योतक हैं। तद्‌आलोक में कार्यपालक अभियंता / उप प्रबंधक तकनीकी (असैनिक), गोपालगंज के पत्रांक–BSEIDC/Gopalganj/EE-12C-06/26 दिनांक– 12.06.2026 के माध्यम से संवेदक, M/S Saheb Singh Construction, Add-Muri Barari, Post-Dahibhatta, Dist-Gopalganj, Pin-841428 को Debar करने की अनुशंसा की गई है।

वर्णित परिस्थिति में संबंधित EE / DMT के अनुशंसा के आलोक में BSEIDC के ठेकेदारी निबंधन नियमावली 2025 में निहित प्रावधान 8 (ii) के तहत संवेदक, M/S Saheb Singh Construction, Add-Muri Barari, Post-Dahibhatta, Dist-Gopalganj, Pin-841428 को निगम द्वारा Defaulter घोषित करते हुए इन कार्यों के पूर्ण होने तक अगली निविदा में भाग लेने से वंचित किया जाता है।

उक्त प्रस्ताव पर प्रबंध निदेशक का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–
मुख्य अभियंता

ज्ञापांक:–BSEIDC/TECH/979/2016-Part-V- पटना, दिनांक–........................
प्रतिलिपि:–"M/S Saheb Singh Construction, Add-Muri Barari, Post-Dahibhatta, Dist-Gopalganj, Pin-841428" को सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/–
मुख्य अभियंता

ज्ञापांक:–BSEIDC/TECH/979/2016-Part-V- 4661 पटना, दिनांक– 23/6/26
प्रतिलिपि:–अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना / अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / अभियंता प्रमुख, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना / अभियता प्रमुख, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना / अभियंता प्रमुख, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / मुख्य अभियंता, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / मुख्य अभियंता, नगर विकास एवं आवास विभाग बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार मेडिकल सर्विसेज एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लि०, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

मुख्य अभियंता

पत्र संख्या –26 / विविध–06–21 / 2026 ........................................... /

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग।**

आदेश

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, वीरपुर परिक्षेत्राधीन पूर्वी कोशी तटबंध प्रमंडल, चंद्रायण के अंतर्गत एकरारनामा सं0–194F2/2025-26 (एजेंडा सं0–242 / 267 / 2026) के तहत ग्राम–रसूलपुर में कराये जा रहे कटाव निरोधक कार्य में समानुपातिक प्रगति नहीं रहने के कारण संवेदक श्री राकेश कुमार रंजन, पता–गोबरसही चौक, मुजफ्फरपुर, पिन–842001 को विभागीय आदेश ज्ञापांक–2802 दिनांक–25.05.2026 द्वारा इस कार्य के पूर्ण होने तक डिफॉल्टर घोषित करते हुए अगली निविदा में भाग लेने से वंचित / डिबार किया गया था। मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, वीरपुर के पत्रांक– 1872 दिनांक–22.06.2026 द्वारा विषयांकित कार्य को दिनांक–14.06.2026 को गुणवत्ता एवं विशिष्टि के अनुरूप ससमय पूर्ण हो जाने की सूचना देते हुए संवेदक को डिबार से मुक्त करने की अनुशंसा की गई।

अतः मुख्य अभियंता से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में संवेदक श्री राकेश कुमार रंजन, पता–गोबरसही चौक, मुजफ्फरपुर, पिन–842001 को विभागीय आदेश ज्ञापांक–2802 दिनांक–25.05.2026 द्वारा किये गये डिबार से मुक्त किया जाता है।

ह0 / –
(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांक :–26 / विविध–06–21 / 2026 पटना / दिनांक :.................................

प्रतिलिपि :– श्री राकेश कुमार रंजन, पता–गोबरसही चौक, मुजफ्फरपुर, पिन–842001 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः–26 / विविध–06–21 / 2026 3590 पटना, दिनांक : 01.07.26

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव, जल संसाधन विभाग / पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

पत्र संख्या –26 / विविध–06–27 / 2026

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

## आदेश

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर परिक्षेत्राधीन सिकरहना तटबंध प्रमंडल, मोतिहारी अंतर्गत A.E work at Lalparsa Dhumni Tola का कार्य एकरारनामा सं0–01SBD/2026-27 दिनांक–13.04.2026 (Agenda No-246/49/2026) के तहत संवेदक रूपम कुमारी, समस्तीपुर को आवंटित किया गया। एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की निर्धारित तिथि–15.05.2026 थी।

2. कार्य को ससमय पूर्ण कराने हेतु क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न पत्रों के माध्यम से संवेदक को कार्य स्थल पर मशीनरी एवं श्रमबल बढ़ाकर ससमय कार्य पूर्ण कराने के लिए निदेशित किया गया, इसके बावजूद संवेदक द्वारा कोई सार्थक प्रयास नहीं किया गया। उक्त कार्य आपदा जनित कार्य है, जिसे हर हाल में दिनांक–15.05.2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित था। इतने महत्वपूर्ण कार्य को ससमय पूर्ण कराने में संवेदक द्वारा अभिरूचि नहीं लिया जाना कार्य के प्रति घोर लापरवाही एवं कर्तव्यहीनता को परिलक्षित करता है।

कार्य में शिथिलता बरतने एवं कार्य को ससमय पूर्ण करने में अभिरूचि नहीं लेने के कारण मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर के पत्रांक–1973 दिनांक–11.05.2026 द्वारा संवेदक रूपम कुमारी, समस्तीपुर को डिबार करने की अनुशंसा की गयी।

3. मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक–2719 दिनांक–21.05.2026 द्वारा संवेदक से कारण पृच्छा की गयी। निर्धारित समयावधि में संवेदक से कारण पृच्छा प्रत्युत्तर अप्राप्त रहने के कारण मामले की समीक्षा बाढ़ (मो0) से करायी गयी। समीक्षा के क्रम में उनके द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि दिनांक–15.06.2026 तक कार्य की भौतिक प्रगति मात्र 70 प्रतिशत ही है। आपदा से संबंधित कार्य होने के बावजूद भी निर्धारित तिथि से लगभग 01 माह के बाद भी कार्य पूर्ण नहीं कराया गया है।

उक्त से स्पष्ट है कि विभागीय पदाधिकारियों द्वारा बार–बार निदेशित किये जाने के बावजूद भी कार्य पूर्ण करने का सम्यक प्रयास संवेदक द्वारा नहीं किया गया, जो कार्य के प्रति लापरवाहीं एवं उदासीनता को परिलक्षित करता है।

अतः मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर से प्राप्त अनुशंसा एवं बाढ़ (मो0) द्वारा की गयी समीक्षा के आलोक में बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के नियम 11 (क) के कंडिका–(ii) के तहत संवेदक रूपम कुमारी, C/O-राजीव कुमार सिंह, ग्राम+पो0–सांखमोहन, जिला–समस्तीपुर, पिन–848211 को इस कार्य के पूर्ण होने तक डिफाल्टर घोषित करते हुए अगली निविदा में भाग लेने से वंचित / डिबार किया जाता है।

ह0 / –

(ब्रजेश मोहन)

अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)

ज्ञापांक : 26 / विविध–06–27 / 2026 पटना / दिनांक :...............................

प्रतिलिपिः– रूपम कुमारी, C/O-राजीव कुमार सिंह, ग्राम+पो0–सांखमोहन, जिला–समस्तीपुर, पिन– 848211 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–06–27 / 2026 3608 पटना, दिनांक : 02/07/2026

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव, जल संसाधन विभाग / पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

पत्र संख्या –26 / विविध–04–04 / 2026 ........................... /

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

## आदेश

मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, भागलपुर परिक्षेत्राधीन सिंचाई प्रमंडल, बांका अंतर्गत "इकोरिया वीयर सिंचाई योजनान्तर्गत बबुरा शाखा नहर के 4.94 कि0मी0 से 9.51 कि0मी0 के बीच बिटुमिनस एकपथीय सोवापथ कार्य" एकरारनामा सं0–03SBD/2025-26 के तहत संवेदक मेसर्स पाईशिया कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0 को आवंटित किया गया। एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की निर्धारित तिथि–31.07.2025 थी।

2. कार्य को ससमय पूर्ण कराने हेतु क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न पत्रों के माध्यम से संवेदक को कार्य स्थल पर मशीनरी एवं श्रमबल बढ़ाकर ससमय कार्य पूर्ण कराने के लिए निदेशित किया गया, इसके बावजूद संवेदक द्वारा कोई सार्थक प्रयास नहीं किया गया। इतने महत्वपूर्ण कार्य को ससमय पूर्ण कराने में संवेदक द्वारा अभिरूचि नहीं लिया जाना कार्य के प्रति घोर लापरवाही एवं कर्तव्यहीनता को परिलक्षित करता है।

कार्य में शिथिलता बरतने एवं कार्य को ससमय पूर्ण करने में अभिरूचि नहीं लेने के कारण मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, भागलपुर के पत्रांक–384 दिनांक–27.01.2026 द्वारा संवेदक मेसर्स पाईशिया कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0 को डिबार करने की अनुशंसा की गयी।

3. मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, भागलपुर से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक–1366 दिनांक–11.03.2026 द्वारा संवेदक से कारण पृच्छा की गयी। तदालोक में संवेदक के पत्रांक–JAMUI/PCPL/2025-26/120 दिनांक–18.03.2026 द्वारा कारण पृच्छा प्रत्युत्तर समर्पित किया गया, जिसकी समीक्षा यो0 एवं मो0 अंचल–03 से करायी गयी। समीक्षा के क्रम में संवेदक मेसर्स पाईशिया कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, जमुई के कारण पृच्छा प्रत्युत्तर पर मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, भागलपुर से प्रतिवेदन की मांग की गयी, जिसमें संवेदक द्वारा जानबूझ कर कार्य को लंबित रखने का मंतव्य दिया गया है।

उक्त से स्पष्ट है कि विभागीय पदाधिकारियों द्वारा बार–बार निदेशित किये जाने के बावजूद भी कार्य पूर्ण करने का सम्यक प्रयास संवेदक द्वारा नहीं किया गया, जो कार्य के प्रति लापरवाहीं एवं उदासीनता को परिलक्षित करता है।

अतः मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, भागलपुर से प्राप्त प्रतिवेदन एवं यो0 एवं मो0 अंचल–03 द्वारा की गयी समीक्षा के आलोक में बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के नियम 11 (क) के कंडिका–(ii) के तहत संवेदक मेसर्स पाईशिया कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, ग्राम–पंचानंद सिंह चौक, महिसौड़ी, पो0–जमुई, जिला–जमुई (बिहार) पिन–811307 (निबंधन सं0–WRD220525C2CO24169723, श्रेणी द्वितीय) को इस कार्य के पूर्ण होने तक डिफाल्टर घोषित करते हुए अगली निविदा में भाग लेने से वंचित / डिबार किया जाता है।

ह0 / –
(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)

ज्ञापांक : 26/विविध–04–04/2026 पटना/दिनांक :..................................

प्रतिलिपिः– संवेदक मेसर्स पाईशिया कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, ग्राम–पंचानंद सिंह चौक, महिसौड़ी, पो0–जमुई, जिला–जमुई (बिहार) पिन–811307 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–

अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)।

ज्ञापांकः– 26/विविध–04–04/2026 3601 पटना, दिनांक : 02/07/2026

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, जल संसाधन विभाग/पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

पत्र संख्या –26 / विविध–04–03 / 2026 ............................ /

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

कम्प्यूटरीकृत आगत पंजीयन संख्या 5860525 दिनांक 03.07.2026

## आदेश

मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, भागलपुर परिक्षेत्राधीन सिंचाई प्रमंडल, बांका अंतर्गत "ओढ़नी डैम तक पहुँचपथ का दोहरीकरण कार्य" एकरारनामा सं0–02SBD/2025-26 दिनांक–29.05.2025 के तहत संवेदक मेसर्स पाईशिया कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0 को आवंटित किया गया। एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की निर्धारित तिथि–28.05.2026 थी।

2. कार्य को ससमय पूर्ण कराने हेतु क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न पत्रों के माध्यम से संवेदक को कार्य स्थल पर मशीनरी एवं श्रमबल बढ़ाकर ससमय कार्य पूर्ण कराने के लिए निदेशित किया गया, इसके बावजूद संवेदक द्वारा कोई सार्थक प्रयास नहीं किया गया। इतने महत्वपूर्ण कार्य को ससमय पूर्ण कराने में संवेदक द्वारा अभिरूचि नहीं लिया जाना कार्य के प्रति घोर लापरवाही एवं कर्तव्यहीनता को परिलक्षित करता है।

कार्य में शिथिलता बरतने एवं कार्य को ससमय पूर्ण करने में अभिरूचि नहीं लेने के कारण मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, भागलपुर के पत्रांक–287 दिनांक–16.01.2026 द्वारा संवेदक मेसर्स पाईशिया कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0 को डिबार करने की अनुशंसा की गयी।

3. मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, भागलपुर से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक–727 दिनांक–06.02.2026 द्वारा संवेदक से कारण पृच्छा की गयी। तदालोक में संवेदक के पत्रांक–JAMUI/PCPL/2025-26/113 दिनांक–13.02.2026 द्वारा कारण पृच्छा प्रत्युत्तर समर्पित किया गया, जिसकी समीक्षा यो0 एवं मो0 अंचल–03 से करायी गयी। समीक्षोपरांत संवेदक मेसर्स पाईशिया कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, जमुई को दोषी मानते हुए उनके कारण पृच्छा प्रत्युत्तर को अमान्य कर दिया गया एवं मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, भागलपुर से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में अग्रेतर कार्रवाई करने का मंतव्य दिया गया।

उक्त से स्पष्ट है कि विभागीय पदाधिकारियों द्वारा बार–बार निदेशित किये जाने के बावजूद भी कार्य पूर्ण करने का सम्यक प्रयास संवेदक द्वारा नहीं किया गया, जो कार्य के प्रति लापरवाहीं एवं उदासीनता को परिलक्षित करता है।

अतः मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, भागलपुर से प्राप्त प्रतिवेदन एवं यो0 एवं मो0 अंचल–03 द्वारा की गयी समीक्षा के आलोक में बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के नियम 11 (क) के कंडिका–(ii) के तहत संवेदक मेसर्स पाईशिया कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, ग्राम–पंचानंद सिंह चौक, महिसौड़ी, पो0–जमुई, जिला–जमुई (बिहार) पिन–811307 को इस कार्य के पूर्ण होने तक डिफाल्टर घोषित करते हुए अगली निविदा में भाग लेने से वंचित / डिबार किया जाता है।

ह0 / –

(ब्रजेश मोहन)

अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)

ज्ञापांक : 26 / विविध–04–03 / 2026 पटना / दिनांक :..............................

प्रतिलिपिः– संवेदक मेसर्स पाईशिया कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, ग्राम–पंचानंद सिंह चौक, महिसौड़ी, पो0–जमुई, जिला–जमुई (बिहार) पिन–811307 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –

अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–04–03 / 2026 3609 पटना, दिनांक : 02/07/2026

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव, जल संसाधन विभाग / पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

# बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0,
7, सरदार पटेल मार्ग—पटना—15

कम्प्यूटरीकृत आवत पंजीयन सं0 5860069 दिनांक 03.07.2026

| Doc. No:- BRPNNL/HQA / C00/ 161 | Dt .30/06/2026 | Page No…./… |
|---|---|---|

## कार्यालय आदेश

संवेदक राकेश कन्सट्रक्शन प्रा0 लि0, शिवजी सिंह बिल्डिंग, डिगमा रोड, पो0—मानगो, जिला—जमशेदपुर (झारखंड) द्वारा पटना जिलान्तर्गत SH-01 मुसनापुर से मसौढ़ी—नौबतपुर पथ (भाया पोठही NH-83) एवं पटना गया रेलवे लाईन को पार करते हुए 20वें कि0मी0 पर शहवाजपुर (पुनपुन प्रखंड) और छक्कनबिगहा (नौबतपुर प्रखंड) के बीच पुनपुन नदी पर (6x18m) आकार का उच्चस्तरीय आर0सी0सी0 पुल—सह—पहुँच पथ का निर्माण कार्य में धीमी प्रगति रहने के कारण इस कार्यालय के कार्यालय आदेश संख्या—100 सहपठित ज्ञापांक—2671 दिनांक—31.07.2021 द्वारा संवेदक को अगले निविदा में भाग लेने से वंचित (Debar) किया गया था।

उपरोक्त कार्य को पूर्ण होने के उपरान्त संवेदक द्वारा डिवार से मुक्त करने के अनुरोध एवं वरीय परियोजना अभियन्ता, कार्य प्रमंडल, पटना—1 बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0 का पत्रांक— 655(अनु0) दिनांक—08.05.2026 तथा उप मुख्य अभियन्ता, कार्य अंचल—1, पटना का पत्रांक—1079(अनु0), दिनांक—04.06.2026 द्वारा किये गये अनुशंसा के आलोक में संवेदक राकेश कन्सट्रक्शन प्रा0 लि0, शिवजी सिंह बिल्डिंग, डिगमा रोड, पो0—मानगो, जिला—जमशेदपुर (झारखंड) को Debar से मुक्त किया जाता है।

ह0/—
**प्रबन्ध निदेशक**
बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना।

ज्ञापांक—......................................../पटना, दिनांक—........................................

प्रतिलिपिः— सभी उप मुख्य अभियन्ता/सभी वरीय परियोजना अभियन्ता/वरीय योजना अभियन्ता/वरीय गुण नियंत्रण अभियन्ता, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु।

ह0/—
**प्रबन्ध निदेशक**
बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0,पटना।

ज्ञापांक—......................................../पटना, दिनांक—........................................

प्रतिलिपिः— राकेश कन्सट्रक्शन प्रा0 लि0, शिवजी सिंह बिल्डिंग, डिगमा रोड, पो0—मानगो, जिला—जमशेदपुर (झारखंड) को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/—
**प्रबन्ध निदेशक**
बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0,पटना।

ज्ञापांक—......................................../पटना, दिनांक—........................................

प्रतिलिपिः—बेवसाईट प्रभारी, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित ।

ह0/—
**प्रबन्ध निदेशक**
बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0,पटना।

कृ0पृ0प0...................

ज्ञापांक–.........1613.........../पटना, दिनांक–...30/06/2026.........

प्रतिलिपिः– अभियन्ता प्रमुख (मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

**प्रबन्ध निदेशक**

बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0,पटना।